तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **फजरा बनाम झबली** **176/2016 (जीसीएमएस नं. 2016/00202)**	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
04.10.21	पत्रावली वास्ते निर्णय पेश हुई। अधिवक्ता उभयपक्ष की बहस पर मनन किया गया तथा पत्रावली का अवलोकन किया गया जिससे जाहिर होता है कि अधीनस्थ न्यायालय जिला कलक्टर अलवर के आदेश दिनांक 07.09.2015 की पालना में नामान्तरकरण की कार्यवाही हेतु तहसीलदार अलवर द्वारा पटवारी हल्का जटियाना को पत्रांक 5067 दिनांक 06.10.2015 लिखा गया है तथा उक्त पत्रांक 5067 दिनांक 06.10.2015 के विरूद्ध अपीलान्ट द्वारा अधीनस्थ न्यायालय जिला कलक्टर अलवर के समक्ष अपील प्रस्तुत की गई जिस पर अधीनस्थ न्यायालय द्वारा किसी प्रकार का गुणावगुण करने का कोई औचित्य नही होने से अपीलाधीन आदेश दिनांक 05.04.2016 द्वारा अपीलान्ट की अपील खारिज की गई है जिसमें किसी प्रकार की कानूनी त्रुटि प्रतीत नही होती है। अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलान्ट खारिज की जाती है तथा अधीनस्थ न्यायालय जिला कलक्टर अलवर द्वारा पारित अपीलाधीन आदेश दिनांक 05.04.2016 को यथावत रखा जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा पत्रावली बाद तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो। आदेश सुनाया गया। (दिनेश कुमार यादव) संभागीय आयुक्त, जयपुर।	